दिन– बुधवार | दिनांक– 16 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

---

प्रदेश में बालू समेत अन्य खनिजों के अवैध खनन पर अब दस लाख रूपये तक का जुर्माना लगेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में बिहार खनिज संशोधन नियमावली दो हजार चौबीस के तहत इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि पहले अवैध खनन पर पच्चीस हजार रूपये से लेकर चार लाख रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान था। उन्होंने कहा कि नियमावली के तहत अवैध परिवहन और भंडारण पर भी जुर्माना लगाया जायेगा। डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने कोसी–मेची नदी जोड़ योजना के दूसरे चरण के डीपीआर के लिए चौदह करोड़ सोलह लाख रूपये मंजूर किये हैं।

————————————————————————

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि दुनियाभर के कुल डिजीटल लेनदेन का छियालीस प्रतिशत हिस्सा भारत में होता है। नई दिल्ली में भारत मण्डपम में अंतर्राष्ट्रीय सिक्स–जी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि इस वर्ष अगस्त में दो अरब पचहत्तर करोड़ डॉलर के लेनदेन में से करीब डेढ़ अरब यूपीआई के माध्यम से हुए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के लिए साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है। संचार मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत सिक्स–जी प्रौद्योगिकी में विश्व का अग्रणी देश होगा। श्री सिंधिया ने कहा कि डिजीटल इंडिया सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल सिद्धांत पर आधारित है।

————————————————————————

प्रदेश में बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कम्पनी की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई के बाद बिजली दर में वृद्धि के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। आयोग के अध्यक्ष आमीर सुबहानी, सदस्य

अरूण कुमार सिन्हा और पी.एस. यादव की बेंच ने बिजली कम्पनियों को स्पष्ट किया की उनके किसी दावे का बिजली दरों पर कोई असर नहीं होगा।

———————————————————————————

रेलवे ने गया से मुम्बई के लिए सीधी ट्रेन सेवा की शुरूआत की है। यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार को गया से शाम सात बजे चलेगी और रांची, रायपुर, भुसावल तथा नागपुर होते हुये मुम्बई के लोकमान्य तिलक टर्मिनल पर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर एक बजकर पन्द्रह मिनट पर गया के लिए रवाना होगी।

इधर, पूर्व मध्य रेलवे ने सरायगढ़–देवघर स्पेशल ट्रेन को सरायगढ़ से पाटलिपुत्र के बीच चलाने का निर्णय किया है। यह ट्रेन सरायगढ़ से सुबह चार बजकर बीस मिनट पर रवाना होकर ग्यारह बजकर चालीस मिनट पर पाटलिपुत्र पहुंचेगी।

———————————————————————————

प्रदेश में इस बार भी दीपावली में पटाखों के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र निर्गत किया है। पत्र में कहा गया है कि पटाखों से होने वाले वायु और ध्वनि प्रदूषण के कारण इनकी खरीद–बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाता है। गौरतलब है कि पिछले साल भी पर्षद ने पटाखों पर प्रतिबंध लगाया था। लोगों को ग्रीन पटाखे के इस्तेमाल की सलाह दी गयी थी।

———————————————————————————

गया जिले के दो विधानसभा क्षेत्र इमामगंज (सुरक्षित) और बेलागंज में तेरह नवम्बर को मतदान होगा। दोनों विधानसभा क्षेत्र के छह लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

———————————————————————————

सीवान जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के अलग–अलग गांवों में जहरीली पेय पदार्थ पीने से छह से अधिक लोगों की मौत हो गई है, जबकि बारह लोगों की हालत गंभीर है। गंभीर लोगों का इलाज सदर अस्पताल समेत अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जा रहा है।

———————————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी सीमावर्ती चेकपोस्ट के निकट पुलिस और एसएसबी द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।